राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए खगड़िया के 13 खिलाड़ियों का हुआ चयन

खगड़िया (आससे)। खगड़िया जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को जवाहर इंटर विद्यालय, समसपुर महेशखूंट में जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 13 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हैदराबाद में होना है। प्रतियोगिता के दौरान 60 मीटर, 80 मीटर एवं 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक और शॉट पुट सहित विभिन्न खेल



स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच है। यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके लिए अपनी मेहनत और क्षमता साबित करने का सुनहरा मौका है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. प्रेम कुमार, सावन कुमार, डॉ. रवि कुमार एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार का मार्गदर्शन रहा। जिला सचिव रवि रोशन कुमार, मीडिया प्रभारी रितेश कुमार तथा अभिभावक की भूमिका में अभय सिंह ने आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। वहीं, तकनीकी टीम में प्रियांश कुमार, सुधु कुमार, गुड्डू कुमार, वशिष्ठ कुमार, राहुल कुमार एवं बादल कुमार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजा कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला प्रशिक्षक नैना कुमारी ने भी प्रतियोगिता के संचालन एवं सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय स्तर पर खगड़िया के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और बिहार का नाम रोशन करेंगे।

दीपावली तथा छठ को ले सफाई अभियान शुरू

मधेपुरा (आससे)। आगामी दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं. 14 में पूर्व पार्षद सह सामाजिक कार्यकर्ता ध्यानी यादव की अध्यक्षता में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पार्क के पीछे शिक्षक राकेश कुमार के घर के सामने गड्ढेनुमा जगहों पर राबिश डालकर मुहल्लेवासियों के सहयोग से समतलीकरण किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया।

इस मौके पर पूर्व पार्षद ध्यानी यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली एवं छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। छठ घाट तक जाने वाले श्रद्धालुओं और सड़क पर दंडवत प्रणाम करते हुए जाने वाले व्रतियों को आवागमन में परेशानी नहीं हो, इसी उद्देश्य से सड़कों पर बने गड्ढों में राबिश डालकर समतलीकरण कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अभिषेक रंजन के दिशा-निर्देश पर नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी तान्या कुमारी के नेतृत्व में छठ घाटों की संपूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के तहत सफाई व्यवस्था शुरू कर दी गई है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

विशेष सफाई अभियान में मुहल्लेवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद ध्यानी यादव द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुहल्ले की साफ-सफाई और विकास से जुड़े ऐसे कार्यों में आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। सामूहिक सहयोग से ही स्वच्छ एवं सुंदर मुहल्ले का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी अशोक ठाकुर, पूर्व पार्षद प्रत्याशी रवीना कुमारी, सुनील ठाकुर, शिक्षक राकेश कुमार, विमला देवी, शम्भु ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ ठाकुर, नरेश ठाकुर, सुलोचना देवी, अर्चना देवी, शीला देवी, शांति देवी, उषा देवी, माला देवी, दीपेन मल्लिक, करण मल्लिक, राकेश कुमार, राजा कुमार यादव शिक्षक सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

मधेपुरा में खिलाड़ियों का होगा जुटान

मधेपुरा(आससे)। खेल विभाग बिहार सरकार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एव जिला प्रशासन मधेपुरा के संयुक्त तत्वाधान में टाउन हॉल मधेपुरा में राज्य स्तरीय विद्यालय अन्डर- 14,17 और 19 (बालक/बालिका) टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक होगा। जिला पदाधिकारी अभिषेक रंजन के नेतृत्व में तैयारी जोरों पर है। खिलाड़ियों के रहने खेलने की बेहतरीन व्यवस्था की जा रही है। बीपी मंडल इन्डोर स्टेडियम में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सुश्री आम्रपाली कुमारी की अध्यक्षता ने आयोजन से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। सुश्री आम्रपाली ने बताया कि पूरे बिहार से 9 प्रमंडल एवं 01 एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र की लगभग 300 खिलाड़ियों, 60 दल प्रभारी एवं 24 तकनिकी अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित है। शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य अनुदेशक अरुण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित कई उप समिति बनाया गया है जिसमें अवसान समिति, भोजन समिति, विद्युत संचार, पानी शौचालय साफ सफाई समिति, निबंध समिति, कंट्रोल रूम, परिवहन यातायात प्रबंधन समिति, मैदान समिति प्रतिवाद समिति चिकित्सा उप समिति खेल शिक्षकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगाया गया है। खेल शिक्षक विमल कुमार भारती, अविनाश कुमार, बालकृष्ण कुमार, रितेश रंजन, अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, गुलशन कुमार, निशु कुमार सिन्हा, कैलाश कुमार, चंदन कुमार, मिथुन कुमार, नरेश कुमार, मिथिलेश कुमार राणा, संजय कुमार, नीरज कुमार, उज्जवल कुमार, गौरी कुमार निरंजन कुमार, राकेश कुमार प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

सर्वजन समाज मंच के तत्वावधान में प्रमंडलीय जन-संवाद कार्यक्रम

सहरसा(आससे)। कोसी प्रमंडल सर्वजन समाज मंच के तत्वावधान में रिफ्यूजी चौक स्थित मंगलम रिसॉर्ट में प्रमंडलीय जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाजवादी विचारधारा से जुड़े सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बिहार सर्वजन समाज मंच के संयोजक संजय वर्मा ने कहा कि देश में पूंजीवादी ताकतों को बढ़ावा देने एवं बिहार में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजवादियों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। अक्टूबर का महीना आचार्य नरेंद्र देव, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं डा. राम मनोहर लोहिया जैसे समाजवादी नेताओं की जन्मतिथि के कारण विशेष महत्व रखता है। कोशी की धरती बी पी मंडल, अनूप लाल यादव, हरि साह, रमेश यादव, शरद यादव, रमेश झा, परमेश्वर कुंवर एवं लहटन चौधरी



जैसे समाजवादी नेताओं की कर्मभूमि रही है। ऐसे में यहां से सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन के संघर्ष का शंखनाद होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में किसानों की उपजाऊ जमीन पूंजीपतियों को दी जा रही है एवं लाभकारी सरकारी उपक्रमों को औने-पौने दामों पर बेचा जा रहा है। बिहार में भी आर्थिक भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन की लूट के मामलों पर उन्होंने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं का चुप रहना ऐतिहासिक भूल होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ0 विनोद यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के कार्यकर्ताओं को मुख्यधारा की राजनीति से अलग-थलग करने की कोशिशों को समझना होगा। सरकारें किसी की भी हों, देश एवं प्रदेश की बेहतरी के लिए जागरूकता व संगठन जरूरी है। कोसी प्रमंडल सर्वजन समाज मंच के संयोजक अविनाश सिन्हा ने अध्यक्षीय संबोधन में सामाजिक एवं आर्थिक गैरबराबरी के खिलाफ अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने संजय वर्मा को आश्वस्त किया कि कोसी एवं सहरसा के साथी उनके संघर्ष में साथ देंगे। कार्यक्रम को मौलाना सैयद तारिक अनवर, संजय वर्मा गुड्डू, कुमार पटेल, जीवन गुप्ता, विनोद कुमार, राज सिन्हा, कामरान हुसैन, अशोक वर्मा, अभिषेक वर्मा, श्रीकांत झा, राजीव कुमार, अनंत झा, नवीन निश्चय, प्रिंस सिन्हा एवं अविनाश झा ने भी संबोधित किया।

खाद्यान आपूर्ति में अनियमितता की जांच का डीएम ने दिया आदेश

खगड़िया (आससे)। खगड़िया जिलाध्यक्ष जन वितरण प्रणाली बिक्रेता संघ की ओर से जिलाधिकारी विक्रम वीरकर को ज्ञापन सौंप कर की गयी शिकायत के आलोक में उप विकास आयुक्त को मामले की जाँच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है. संघ के जिलाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी समेत मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल उमाकांत यादव, मनोज कुमार सिंह, सुशील कुमार बागे ने जिलाधिकारी से खाद्यान आपूर्ति कर्ता संवेदक और गोदाम प्रबंधक की मिलीभगत से घटिया किस्म का अनाज आबंटित किए जाने , निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान आपूर्ति करने और गोदाम स्थित माप तौल का तराजू बदले जाने की शिकायत की है. संघ के जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि संघ कार्यालय में इस मुद्दे को लेकर हुई बैठक में सुरेंद्र पासवान, वकील यादव, अशोक कुमार आदि करीब दो दर्जन डीलर उपस्थित थे. उन्होंने बताया कि डीलरों की यह भी शिकायत है कि खाद्यान वाहन संवेदक द्वारा खाद्यान की डिलीवरी एक साथ नहीं की जाती है, जिस संबंध में भी जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

युवा उत्सव अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच :एडीएम

मधेपुरा(आससे)। कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन मधेपुरा के संयुक्त तत्वावधान में बीते रोज जिला मुख्यालय स्थित कला भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता श्री अरुण कुमार सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी आम्रपाली कुमारी तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जिला स्तरीय युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय लोककला, साहित्य, संगीत, नृत्य और नाट्य परंपराओं को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच है। इस तरह के आयोजन से युवाओं में रचनात्मकता विकसित होती है और उन्हें अपनी कला को व्यापक पहचान दिलाने का अवसर मिलता है।

उत्सव के दौरान समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुति, रचनात्मकता, विषयवस्तु और कलात्मक कौशल के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

समूह लोकगीत विधा के निर्णायक मंडल में प्रो. रीता कुमारी, प्रो. अरुण कुमार बच्चन और कुमारी पुष्पलता शामिल थीं। समूह लोकनृत्य में प्रो. संजीव कुमार, उमेश राम और आरोही कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। नुक्कड़ नाटक के निर्णायक मंडल में सुनीत साना, अमित कुमार अंशु, अमित आनंद और सुभाष चंद्र शामिल रहे। कविता लेखन में डॉ. भूपेंद्र नारायण मधेपुरी, डॉ. शांति यादव, डॉ. हर्षवर्धन सिंह राठौड़ और विकास कुमार तथा चित्रकला में अविनाश कुमार, विनोद कुमार रजक और कृष्ण कुमार झा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के परिणामों में समूह लोकगीत विधा में मधुबाला भारती एवं साथी ने प्रथम, खुशबू प्रवीण एवं साथी ने द्वितीय तथा हर्षिता एवं कृष्ण की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह लोकनृत्य में तनु राज एवं साथी प्रथम तथा माही कुमारी एवं साथी द्वितीय स्थान पर रहे। नुक्कड़ नाटक विधा में निखिल कुमार एवं साथी ने प्रथम और सुभाष कुमार एवं साथी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कविता लेखन में शिवानी कुमारी प्रथम, सौरभ कुमार द्वितीय तथा शिवम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में अमीषा कुमारी ने प्रथम, रिया कुमारी ने द्वितीय तथा कशिश पोद्दार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला और रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। विभिन्न विधाओं में विजेता घोषित किए जाने से युवाओं में उत्साह देखा गया। मंच संचालन संगीत शिक्षिका शशिप्रभा जायसवाल ने किया। आयोजन समिति में शिक्षिक सुरेश कुमार शशि, रंजना कुमारी कुमार लाल दास, मिथुन कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अनिता देवी की पुण्यतिथि पर गरीबों के बीच भोजन वितरित

सहरसा (आससे)। भारतीय जनता पार्टी के सहरसा जिला सह कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अपनी मां स्वर्गीय अनिता देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर सहरसा जंक्शन परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अपने छोटे भाइयों के साथ मिलकर जरूरतमंदों को भोजन कराया और अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मां की पुण्यतिथि पर आयोजित इस सेवा कार्य के माध्यम से संतोष गुप्ता ने जरूरतमंद लोगों की सहायता कर अपनी मां की स्मृति को संजोने का प्रयास किया। इस अवसर पर गरीबों के बीच भोजन वितरण कर उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

संतोष गुप्ता ने अपनी मां स्व. अनिता देवी को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को भोजन कराना मानवीय संवेदना और सामाजिक सेवा का संदेश देता है। इस पहल के माध्यम से उन्होंने लोगों को अपने परिजनों की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए भी प्रेरित किया।

इस अवसर पर संतोष गुप्ता के छोटे भाई भी मौजूद रहे और भोजन वितरण के कार्य में सहयोग किया। मां की स्मृति में किए गए इस सेवा कार्य को जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता और पारिवारिक संस्कारों से जोड़कर देखा जा रहा है।

नवविवाहिता की हत्या का आरोप, पुलिस कर रही जांच

सहरसा (आससे)। सोनबरसा थाना क्षेत्र के विराटपुर गांव स्थित चंडिका मंदिर परिसर के जीवछ पोखर से 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के नारदपुर गांव निवासी बबलू यादव की पुत्री पूनम देवी के रूप में हुई है। उसकी शादी दो माह पूर्व 26 अगस्त को अतलखा पंचायत के जम्हरा गांव निवासी विभीषण यादव से हुई थी। शुक्रवार रात करीब आठ बजे पोखर में शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोखर से बाहर निकलवाया। इसके बाद एफएसएल टीम को बुलाकर जांच कराई गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। शव पर चोट के निशान नहीं पाए गए। शनिवार को मायके से पहुंचे मृतका के चाचा विशेखानंद यादव और मां ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। उनका आरोप है कि हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को पोखर में फेंक दिया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है, इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पोखर में मिला नवविवाहिता का शव, ससुराल वाले फरार

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।(आससे)। सोनबरसा राज थाना क्षेत्र अंतर्गत मां चंडी मंदिर परिसर स्थित जीवछ पोखर से शुक्रवार की रात पुलिस ने एक 19 वर्षीय नवविवाहिता का शव बरामद किया है। हैरानी की बात यह है कि महज दो महीने पहले इसी मंदिर के प्रांगण में युवती की शादी हुई थी। मृतका की पहचान होने के बाद से ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया है।

मृतका की पहचान जम्हरा गांव के वार्ड नंबर-11 निवासी विभीषण यादव की पत्नी पूनम कुमारी (19) के रूप में हुई है। पूनम का मायका खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत नारदपुर गांव वार्ड नंबर-4 में है। वह बबलू यादव की पुत्री थी और तीन बहनों व एक भाई में सबसे बड़ी थी। मृतका के चाचा विशेखानंद यादव ने बताया कि बीते 26 अगस्त 2026 को ही दोनों परिवारों की रजामंदी से मां चंडी स्थान के मंदिर प्रांगण में पूनम और विभीषण की शादी संपन्न हुई थी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि जहां से उसने नई जिंदगी की शुरुआत की, वहीं उसकी जीवनलीला समाप्त हो जाएगी।

संगम

Date : 25.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	64	02.30 p.m.	20
09.30 a.m.	21	03.00 p.m.	95
10.00 a.m.	07	03.30 p.m.	38
10.30 a.m.	75	04.00 p.m	30
11.00 a.m.	25	04.30 p.m.	33
11.30 a.m.	22	05.00 p.m.	13
12.00 noon	72	05.30 p.m.	41
12.30 a.m.	66	06.00 p.m.	33
01.00 p.m.	11	06.30 p.m.	15
01.30 p.m.	74	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	80	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	20	02.30 p.m.	92
09.30 a.m.	31	03.00 p.m.	84
10.00 a.m.	20	03.30 p.m.	18
10.30 a.m.	07	04.00 p.m.	21
11.00 a.m.	94	04.30 p.m.	20
11.30 a.m.	16	05.00 p.m.	51
12.00 noon	02	05.30 p.m.	78
12.30 a.m.	69	06.00 p.m.	90
01.00 p.m.	41	06.30 p.m.	96
01.30 p.m.	16	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	35	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	81	02.30 p.m.	51
09.30 a.m.	97	03.00 p.m.	56
10.00 a.m.	12	03.30 p.m.	90
10.30 a.m.	27	04.00 p.m.	16
11.00 a.m.	32	04.30 p.m.	41
11.30 a.m.	82	05.00 p.m.	36
12.00 noon	58	05.30 p.m.	07
12.30 a.m.	50	06.00 p.m.	11
01.00 p.m.	47	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	35	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	06	Contact for result :	

011-40451993 , 011-40451994

www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज सह मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को लेवल-II ट्रॉमा सेंटर के रूप में सरकार ने किया अधिसूचित

मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर : डा. विवेकानंद

खगड़िया (आससे)। सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा को लेकर गठित समिति के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ट्रॉमा केयर फेसिलिटी नेशनल हाइवे के ऑपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार लिए गए निर्णय के आलोक में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज एवं शहीद प्रभु नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, परमानंदपुर, खगड़िया को लेवल-द्वद्व ट्रॉमा सेंटर के रूप में अधिसूचित किया गया है। यह जिले में आपातकालीन



चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान के मीडिया प्रभारी अमरीष कुमार ने कहा कि खगड़िया और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। दुर्घटना के बाद समय पर उचित चिकित्सा मिलने से उनकी जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस अधिसूचना से क्षेत्र में ट्रॉमा केयर सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जाएगा। संस्थान के लिए जरूरतमंदों की जान बचाने और पीड़ित मानवता की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. विवेकानंद ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए हर पल कीमती होता है। तत्काल उचित उपचार किसी की जिंदगी बचाने के साथ उसके परिवार को गहरे दुख से बचा सकता है। हमारे संस्थान को लेवल-द्वद्व ट्रॉमा सेंटर के रूप में अधिसूचित किया जाना गर्व के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि संकट के समय मानव जीवन की रक्षा करना भी है। किसी घायल की जान बचाने और जरूरतमंद को जीवन की नई उम्मीद देने से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। हम मानवीय संवेदना और समर्पण के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने और मानवता की सेवा का यह महत्वपूर्ण अवसर है।

न्यायालय में,
श्रीमान् अपर जिला न्यायाधीश, अष्टम
औरंगाबाद (बिहार)
बंटवारा वाद संख्या- 03/2026
13/2026
बैंकटेश कुमार वगैरह..........वादीगण
बनाम
रामाधार सिंह वगैरह..........प्रतिवादीगण

आप प्रतिवादीगण 1. रामाधार सिंह पिता-स्व. पदुम सिंह 2. वृजकिशोर सिंह 3. राजकिशोर सिंह एवं 4. श्रीमती देवी तीनों पिता स्व. यमुना सिंह सभी निवासी ग्राम+पो.-दर्धा, थाना-गोह, जिला-औरंगाबाद (बिहार) को सूचित किया जाता है कि वादीगण द्वारा आप लोगों के विरुद्ध बंटवारा वाद लाया है जिसमें आपलोगों को नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया है परंतु आपलोग उपस्थित नहीं हुए हैं। इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोग अगली तिथि दिनांक 27.10.26 को समय 10.30 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायेगी।

इसे ताकिद जानें।

आज मोहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

ह./-
अवर न्यायाधीश अष्टम
औरंगाबाद (बिहार)
09.10.2026

केशर कुमार बने अरुणाचल प्रदेश के पांच जिलों के एआईसीसी पर्यवेक्षक

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) (आससे)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता एवं एआईसीसी सदस्य केशर कुमार को अरुणाचल प्रदेश के पांच जिलों का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्हें 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत अपर सुबनसिरी, कामले, लेपाराडा, वेस्ट सियांग और सी-योमी जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। केशर कुमार सहरसा जिले के हरिपुर निवासी हैं और लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं। वह एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार कांग्रेस के महासचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उन्हें विभिन्न राज्यों में पार्टी संगठन एवं चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करने का अनुभव है।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, मताधिकार की सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। पर्यवेक्षक के रूप में केशर कुमार संबंधित जिलों में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान से जुड़ी गतिविधियों को गति देंगे। कांग्रेस के इस अभियान का उद्देश्य मतदाता अधिकारों और चुनावी जवाबदेही से जुड़े मुद्दों को जनचर्चा के केंद्र में लाना है। अरुणाचल प्रदेश के पांच जिलों में मिली जिम्मेदारी के तहत स्थानीय संगठन के साथ समन्वय और अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना उनके प्रमुख कार्यों में शामिल होगा। केशर कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर बिष्णु देव सिंह, डॉ. प्रो. अरुण कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह यादव, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, खोखा सिंह, विजय जैन, प्रमोद कुमार पप्पू, अमिताभ कुमार सिंह, अनुरंजन झा, चितरंजन सिंह, प्रकाश मिश्र, अमर झा, बंटी सिंह, उमेश यादव, विभूति झा, ठाकुर माधव सिंह तोमर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, शंभु सिंह, मुकेश कुमार यादव, बबलू पासवान एवं गरीब दास सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

राजरानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	79	MILLENNIUM	2.00 p.m.	74
SUBEHA	9.00 a.m.	15	100	2.30 p.m.	91
KIRAN	9.30 a.m.	86	DIAMOND	3.00 p.m.	65
HINDUSTANI	10.00 a.m.	43	SONA	3.30 p.m.	91
PRABHAT	10.30 a.m.	54	EXPRESS	4.00 p.m.	12
LAJBAB	11.00 a.m.	33	SPECIAL	4.30 p.m.	01
SAMRAT	11.30 a.m.	98	SANDHYA	5.00 p.m.	60
DELUX	12.00 noon	47	CHANDANI	5.30 p.m.	15
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	22
KING	1.00 p.m.	23	EVENING	6.30 p.m.	38
ROYAL	1.30 p.m.	70	Check result with official website		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

MAHARAJA LOTTERY

25.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	24
09.00	M-Two	19
09.30	M-Three	74
10.00	M-Four	81
10.30	M-Six	33
11.00	M-Eight	33
11.30	M-Nine	84
12.00	M-Ten	35
12.30	M-Eleven	10
01.00	M-Tweleve	09
01.30	M-Fourteen	03
02.00	M-Fifteen	99
02.30	M-Seventeen	34
03.00	M-Eighteen	62
03.30	M-Nineteen	83
04.00	M-Twenty	99
04.30	M-Twenty-one	13
05.00	Mahajara Twenty	56
05.30	Mahajara Twenty one	79
06.00	Mahajara Twenty	31

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजश्री

Date : 25.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	00	02.00 p.m.	03
09.30 a.m.	91	02.30 p.m.	51
10.00 a.m.	97	03.00 p.m.	57
10.30 a.m.	56	03.30 p.m.	09
11.00 a.m.	13	04.00 p.m.	36
11.30 a.m.	45	04.30 p.m.	15
12.00 noon	38	05.00 p.m.	88
12.30 p.m.	84	05.30 p.m.	92
01.00 p.m.	29	06.00 p.m.	40
01.30 p.m.	70	06.30 p.m.	69

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में उतरेगी एचएस कॉलेज की टीम

27 को आरएम कॉलेज सहरसा से होगा पहला मुकाबला, नॉकआउट आधार पर खेले जायेंगे मैच

उदाकिशुनगंज(मधेपुरा)(आससे)। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक परिषद, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता (पुरुष) 2026 में हरिहर साहा महाविद्यालय, उदाकिशुनगंज की क्रिकेट टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 30 अक्टूबर तक एलएनएमएस कॉलेज, वीरपुर, सुपौल में निर्धारित है।



महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) जवाहर पासवान के निर्देश पर क्रीड़ा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेगी। टीम का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को आरएम कॉलेज, सहरसा की टीम से होगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। इसमें हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। प्रतियोगिता को लेकर हरिहर साहा महाविद्यालय की क्रिकेट टीम पिछले कई दिनों से नियमित अभ्यास कर रही है। प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) जवाहर पासवान के निर्देशन तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा पदाधिकारी सह क्रिकेट टीम के कोच डॉ. अरुण कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर विशेष जोर दिया। अभ्यास सत्र में अभिषेक, उदय, मो. आजाद, मुकेश, अमर, प्रिंस, राहुल, शैलेश, आयुष, गौरव, हिमांशु, सौरभ, छोटू, ललन, डब्लू सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार ने टीम के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।